## खबर संक्षेप

### जमीनी सौदे में धोखाधड़ी पर मामला हुआ दर्ज

**कटनी**। माधवनगर थाना क्षेत्र में जमीनी सौदे पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर ग्राम इमलिया निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोज सिंह 46 वर्ष निवासी ग्राम धपई ने थाना माधवनगर में शिकायत दर्ज कराई कि हरकेश यादव निवासी ग्राम इमलिया ने जमीन बेचने का झांसा देकर उससे ठगी की। दोनों के बीच 2.25 लाख रुपये में जमीन क्रय करने का इकरारनामा हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जमीन के क्रय-विक्रय की आड़ में कूट रचित तरीके से राशि हड़प ली और इकरारनामे की शर्तों का पालन नहीं किया। इसके बावजूद न तो जमीन का रजिस्ट्रेशन कराया गया और न ही दी गई रकम वापस की गई। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद माधवनगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) एवं भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार यह घटना जून 2025 की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### किन्नरों के बीच हुई मारपीट, फाड़ दिये कपड़े

**कटनी**। शहर के व्यस्ततम इलाके शंकर टॉकीज रोड स्थित शालीमार मार्केट के पास शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब किन्नरों के एक समूह ने एक अन्य किन्नर को पकड़कर सरेआम जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़ित किन्नर के कपड़े तक फाड़ दिए गए, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हंगामा करीब आधे घंटे तक चलता रहा। इस दौरान सड़क पर लोगों की भारी भीड़ लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि हंगामा लंबे समय तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि यह मारपीट सीमा विवाद और पैसों के लेनदेन को लेकर हुई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में थाने में किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और न ही पुलिस को घटना की कोई औपचारिक जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। घटना के बाद संबंधित किन्नर समूह मौके से अलग-अलग दिशा में चला गया।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी**। हत्या के प्रयास के मामले के आरोपित को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। पुलिस के अनुसार 9 जनवरी 2026 को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर के सामने बीड़ी के पत्ते बोरी में भर रहा था, तभी गांव का निवासी कुंवर पटेल वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी अपने घर के ऊपर वाले कमरे में गया और जान से मारने की नीयत से पत्थर फेंका, जो चांदनी पटेल के सिर पर जा लगा। गंभीर चोट लगने से चांदनी पटेल के सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन तत्काल उसे चौकी ले गए, जहां से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कुंवर पटेल बड़गांव मोड़ के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया और विधिवत गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सउनि दामोदर राव, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता, भारत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन, लव उपाध्याय, दिलकेश्वर सिंह, संदीप भलावी, विकास तथा सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी का योगदान रहा।

---

माधवनगर थाना अंतर्गत बंगला लाइन में चल रहा था जुआफड़, 5 जुआरी पकड़ाए

# सीढ़ी बनी पुलिस का सहारा, जुआरियों को पकड़ा, 82 हजार नकदी एवं 2 बाइकें जब्त

ऊपरी तल में चल रहा था जुआफड़, दरवाजा नहीं खोल रहे थे जुआरी, पुलिस को मंगवानी पड़ी सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगला लाइन स्थित एक मकान में बड़ा जुआफड़ चल रहा था। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और जुआरियों को गिरफ्तार किया। फड़ से पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी रूपये भी जब्त किये हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे एवं चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा के नेतृत्व में की गई।



### मुखबिर से मिली थी सूचना

थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि 10 जनवरी की रात चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगला लाइन में मुकेश मनुजा के निवास पर जुआ फड़ संचालित हो रहा है। सूचना के अनुसार घर के अंदर कई जुआरी ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे और उनकी तेज आवाजें बाहर तक सुनाई दे रही थीं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए रात्रि में पुलिस टीम ने विभिन्न पाइंटों पर तैनात बल को साथ लेकर बताए गए स्थान पर रेड कार्रवाई की।

### दरवाजा बंद कर बैठे थे जुआरी

सूत्रों के अनुसार जुआरियों की महफिल घर के ऊपरी तल पर जमी हुई थी। पुलिस द्वारा बार-बार दरवाजा खुलवाने के प्रयास के बावजूद अंदर से दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद पुलिस को सीढ़ी मंगवाकर ऊपर चढ़ना पड़ा तब जाकर जुआरियों को पकड़ा जा सका।

### पुलिस ने इन जुआरियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से मुकेश मनुजा 34 वर्ष निवासी बंगला लाइन, मनीष नागवानी 35 वर्ष निवासी हॉस्पिटल लाइन, संजय उर्फ लारा मोटवानी 39 वर्ष निवासी बंगला लाइन, जयपाल पंजवानी 35 वर्ष निवासी खैबर लाइन और श्याम राजानी 36 वर्ष निवासी कैरिन लाइन को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। मौके से 52 ताश के पत्ते और 82,500 रुपये नगद बरामद किए गए। इसके अलावा जुआरियों की दो मोटरसाइकिलें मनीष नागवानी, श्याम राजानी की बाइक को भी जब्त किया गया है।

---

# रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ



अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने जप्त करते हुए खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा विशेष निर्देश प्रदान किए गए हैं जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेंद्र धारवे के मार्गदर्शन में कार्यवाही की जा रही है। एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त कर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ खनिज नियमों के तहत कार्यवाहियां की गई है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे कृषि वर्ष का शुभारंभ

**कटनी**। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष 2026 (कृषि वर्ष) के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 11 जनवरी को भोपाल सेकृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ कृषक रथ को झंडी दिखाकर करेंगे। तदोपरांत वृहत किसान सभा में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ की घोषणाकरेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी संबंधित विभागों को जिले में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय में कृषि विज्ञान केंन्द्र एवं ब्लॉक मुख्यालय में यथोचित स्थान पर करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जिले की समस्त मंडियों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय में भी कृषक रथ कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जायेगा एवं समीपस्थ ग्राम पंचायत में कृषक रथ का भ्रमण कराया जायेगा।

---

जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं खनिज विभाग की बैठक का आयोजन

# छात्रों में तनाव के कारण बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम के उपायों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स और प्री-ऑक्शन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा मौजूद रहे। बैठक में उच्च शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों में तनाव के कारण बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई।



कलेक्टर श्री तिवारी ने मनोचिकित्सक के साथ मैपिंग करके महाविद्यालय के काउंसलरों को प्रशिक्षण देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए, ताकि वे छात्रों को बेहतर मानसिक सहायता प्रदान कर सकें। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को महाविद्यालयों में आभा कार्ड के रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त कार्यवाही राजस्व, पुलिस, खनिज एवं प्रदूषण नियंत्रण द्वारा लगातार जारी रखने के निर्देश दिये। राज्य शासन द्वारा खनिजों की नीलामी में गति लाने और बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से गठित प्री-ऑक्शन कमेटी की पहली बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खनिज विभाग द्वारा नीलामी हेतु चिन्हित खनिज ब्लॉकों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने नगर के मध्य स्थित पुरानी बॉक्साइट खदानों को फिर से नीलामी में रखे जाने से पूर्व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का भी अभिमत लिए जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने अन्य चिन्हित खनिज ब्लॉकों के संबंध में समय-सीमा के भीतर संबंधित विभागों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे नीलामी की प्रक्रिया को गति मिल सके।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

---

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने किया प्रेरित



छात्राओं को वर्तमान समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्या प्लास्टिक प्रदूषण से अवगत कराने तथा इसके उपयोग पर रोक लगाने हेतु प्रेरित करनेके उद्देश्ये से शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में वनस्पति शास्त्र विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्लास्टिक के पुन: उपयोग एवं पुनर्चक्रण के व्यावहारिक तरीकों पर भी जोर दिया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और सभी को प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण ही हमें स्वस्थ रख सकता है।" वहीं वनस्पति शास्त्र विभाग के डॉ. आशुतोष नारायण द्विवेदी ने प्लास्टिक के उपयोग से बचने एवं उसके पुन: उपयोग पर बल दिया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुषमा वर्मा ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

---

# अमानक मिलने पर 4118 क्विंटल धान का उपार्जन निरस्त, 600 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान उपार्जन केन्द्र का सतत निरीक्षण करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में अधिकारियों के संयुक्त जांच दल ने तहसील बहोरीबंद अंतर्गत संचालित उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया और अमानक पाये जाने पर 4 हजार 118 क्विंटल धान का उपार्जन निरस्त किया गया। साथ ही 600 क्विंटल धान जब्त की गई।



कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जांच दल द्वारा समूची धान उपार्जन व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही है। जांच दल के निरीक्षण के दौरान दौरान उपार्जन केन्द्र कुआं में 2 हजार 503 क्विंटल धान, उपार्जन केन्द्र हथियागढ़ में 1 हजार 138 क्विंटल धान एवं उपार्जन केन्द्र देवरी खरगवां में 477 क्विंटल धान अमानक स्तर पर पाई गई। जिसके बाद इसे ऑनलाईन सर्वेयर एप के माध्यम से रिजेक्ट कराया गया।

इसी प्रकार संयुक्त जांच दल द्वारा हथियागढ़ उपार्जन केन्द्र परिसर में ही 3 ढ़ेरों में रखी करीब 600 क्विंटल धान जब्त की गई। इस धान के बारे में किसी भी व्यक्ति के द्वारा जानकारी नहीं दिये जाने पर जब्ती बनाकर केन्द्र प्रभारी की सुपुर्दगी में सौंपी गई। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में नियुक्त नोडल अधिकारियों को नॉन-एफएक्यू धान न तुलवाने के निर्देश दिये गये। साथ ही वास्तविक किसानों के चिन्हांकन उपरांत ही तौल कराने की हिदायत दी गई। निरीक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद राकेश चौरसिया, सहायक आपूर्ति अधिकारी बहोरीबंद पियूष शुक्ला मौजूद रहे।

---

बहोरीबंद विद्यालय में हुआ आयोजन, 151 मॉडल किये प्रदर्शित

# खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी की प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विकासखंड स्तरीय विज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद मे आयोजित की गईं। विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी मे जन शिक्षा केंद्र स्तर से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के बौद्धिक, शैक्षणिक, कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के उद्देश्य से गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण की थीम पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई।

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में संकुल केंद्र स्तर से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 151 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किये गए।



विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता की। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने गणित के मॉडल में पाइथागोरस प्रमेय, गणितीय अंकों का विशेष मॉडल, हाइड्रो पावर जल संरक्षण, फसल चक्र पवन चक्की, आधुनिक कृषि पर आधारित मॉडल, वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल, चंद्रयान 3 का विशेष मॉडल, फसल चक्र, प्रकाश संश्लेषण, सौरमंडल, जैविक खेती, मानव शरीर पाचन तंत्र और विश्व के महाद्वीपों का एक शानदार मॉडल विद्यार्थियों ने बनाया साथ ही सभी विद्यार्थियों ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का जवाब बहुत ही रोचक और शानदार तरीके से दिये।

इसी दौरान बहोरीबंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग व विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने भी विज्ञान प्रदर्शनी का सूक्ष्मता के साथ अवलोकन कर छात्रों से संवाद कर उनके मॉडल की प्रशंसा की। बीईओ व बीआरसी ने प्रधानाध्यापक संध्या शर्मा व समस्त सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना की। आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया गया।

निर्णायक मंडल में स्मृति नौगरहिया, कविता बारस्कर, रामविशाल राय, राकेश विश्वकर्मा थे। इस दौरान बीएसी अमित पांडे, दिनेश तिवारी,रघुवीर सिंह ठाकुर, जयप्रकाश चक्रवर्ती, रत्नेश बढ़गैया,ज्योति तिवारी, बाबूलाल सोनी, नफीस खान मौजूद रहे।

---

23 को सीएम का कटनी भ्रमण संभावित, उसी दिन स्कूल का भूमिपूजन

# मिली सौगात, कुठला में 1 करोड़ 39 लाख से बनेगा नया हाई स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हर परिवार को समय पर शुद्ध व साफ पानी और पर्याप्त बिजली मिले, इसके लिए सरकार सजग है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य है कि आम आदमी को समय पर गुणवत्तापूर्ण सभी सुविधायें मिलें। यह बात शनिवार को प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कटनी शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला में 1 करोड़ 39 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन हाई स्कूल भवन की सौगात देने के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही।



प्रभारी मंत्री ने लोगों से पूछा कि साफ पानी आ रहा है, जिस पर लोगों ने हां में जवाब दिया। उन्होंने बिजली की पर्याप्त उपलब्धता की भी लोगों से जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा गांवों में नलजल योजना के माध्यम से और शहरों में स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रभारी मंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि बिजली संबंधी कोई भी समस्या पर प्रशासन को इसकी सूचना दें।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बच्चों को बधाई दे रहा हूं कि आपका नया भवन बनेगा और 1 करोड़ 39 लाख की लागत से अगले 12 महीनों में बनकर तैयार होगा। यह स्कूल आपके लिए बहुत अच्छा होगा और यहां पर आपको सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इस स्कूल भवन के लिए विधायक संदीप जायसवाल ने बहुत प्रयास किए हैं। यहां पर डिजिटल बोर्ड, लैबोरेट्री, लाइब्रेरी और अन्य सभी सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 23 तारीख को कटनी भ्रमण संभावित है। इस दौरान वे स्वयं कटनी आकर स्कूल का भूमि पूजन करेंगे।

### अप्रैल में ही मिलेंगी साइकल व पुस्तकें

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष भी छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकें दे दी गई थी। इस साल भी अप्रैल के पहले सप्ताह में ही स्कूली छात्रों को साइकल, पुस्तकें और स्कॉलरशिप का वितरण कर दिया जायेगा। ताकि वे जुलाई माह से केवल पढ़ाई पर ही ध्यान दें सके। उन्होंने कहा कि कटनी शहर के किसी प्राइवेट स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की तरह ही इस स्कूल के बन जाने के बाद छात्रों के लिये यहां सभी सुविधायें उपलब्ध रहेंगी।

विधायक और पार्षद से कहा आप भी सजगता के साथ अपने शहर व वार्ड की चिंता करें। अगर कहीं भी कोई समस्या समझ में आती है, तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें। विधायक संदीप जायसवाल ने बताया की कुठला में बनने वाला यह नवीन हाई स्कूल भवन जी प्लस वन की तर्ज पर डबल मंजिल बनेगा जिसमें लाइब्रेरी, कम्प्यूटर कक्ष, प्राचार्य कक्ष, लॉबी कॉरिडोर, बालक-बालिका व दिव्यांग प्रसाधन, सीढ़ी तथा रैम्प लोक निर्माण विभाग की निगरानी में बनेगा।

---

# विद्यार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग, नोडल अधिकारी डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एवं 10 जनवरी को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस विशेष शिविर में 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने वाले विद्यार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े गये। शीघ्र ही उनको परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉक्टर माधुरी गर्ग ने विद्यार्थियों को वोटर आईडी के महत्व के बारे में बताते हुये कहा कि हम सभी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने के पश्चात अपना वोटर आईडी बनवाना चाहिए, तभी हम लोकतंत्र के हिस्सेदार बन सकते हैं। इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम जोड़ने की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सुपरवाइजर के रूप में और डॉक्टर सरदार दिवाकर और सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि आप फॉर्म 6 भरिए और भर करके अपने मोहल्लों के बीएलओ को प्रदान करें। इस फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज 10वीं की अंकसूची माता- पिता के वोटर आईडी की छाया प्रति और दो फोटो अनिवार्य है। विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित किया उनका वोटर आईडी बनवाने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### 6 व्यक्तियों पर लगाया 2500 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** शहर को स्वच्छ व साफ रखने निगम प्रशासन द्वारा जहां रोजाना दो शिफ्ट में सुचारू सफाई के प्रयास किए जा रहे है वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था के मद्देनजर गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों तथा डेयरी संचालकों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दिए गए निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 2500 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के मार्गदर्शन में जोन क्रमांक 3 एवं जोन क्रमांक 4 के विभिन्न स्थलों एवं मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर 5 लोगों के विरुद्ध 1000 रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं संत कंवरराम वार्ड में डेयरी संचालक विक्रम शर्मा द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गंदगी करने पर 1500 रुपये का स्पॉट फाइन किया गया। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा सहित नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### 14 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर भेजा गया अमीरगंज गौशाला

**कटनी।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी की हांका टीम द्वारा बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक मार्गों पर विचरण कर रहे घुमंतू मवेशियों को हटाने हेतु शुक्रवार रात्रि विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत नगर की प्रमुख सड़कों, चौराहों एवं व्यस्त मार्गों कोतवाली थाना तिराहा, फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के आस पास , मुड़वारा स्टेशन पहुंच मार्ग सहित कटनी मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग में आवागमन को बाधित कर गंदगी फैलाते 14 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर उन्हें काऊ कैचर वाहन में सुरक्षित रूप से अमीर गंज स्थित गौशाला में भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुचारू सफाई व्यवस्था तथा आमजन को असुविधा से बचाने के उद्देश्य से की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। साथ ही मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें तथा नगर को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

### लंबित राजस्व प्रकणों के शीघ्र निराकरण हेतु बैठक आयोजित

**कटनी।** राजस्व विभाग में लंबित प्रकणों के शीघ्र निराकरण हेतु एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तहसील कटनी नगर एवं ग्रामीण के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पटवारियों को भू-अर्जन प्रकरणों के अभिलेख अद्यतन करने, फार्मर आईडी बनाने, पीएम किसान, ई-केवाईसी सैचुरेशन, सीएमहेल्पलाइन, वसूली में प्रगति लाने, एसडीएम न्यायालय एवं तहसील न्यायालय से पारित आदेशों में अभिलेख अद्यतन करने इत्यादि के संबंध में समीक्षा एवं चर्चा की गई। साथ ही प्रगति लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक 14 जनवरी को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10:30 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक ने जिले के पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुँचने का अनुरोध किया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07622-223144 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जीरामजी योजना से गाँव, किसान व मजदूर तीनों होंगे सशक्त : प्रभारी मंत्री

# कांग्रेस शासन में योजनाएं केवल नाम की ही थी भाजपा अंतिम छोर के व्यक्ति को पहुंचा रही लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह शनिवार को कुआँ मंडल की राखी में आयोजित संगठनात्मक बैठक में शामिल हुये और ने जीरामजी योजना व एसआईआर पर विस्तृत जानकारी बताई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा उपस्थित रही।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है। यह योजना न केवल ग्रामीण मजदूरों की आय सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना रोजगार, उत्पादन और विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों तक वैधानिक रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह अधिकार ग्राम सभा और पंचायतों के माध्यम से संचालित होगा, जिससे विकेन्द्रीकृत, सहभागी और पारदर्शी शासन व्यवस्था को बल मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे ग्रामीण विकास के एकीकृत मॉडल के रूप में लागू किया जा रहा है जिसमें सशक्तिकरण, समावेशी विकास, कन्वर्जेंस और सेचूरेशन जैसे सिद्धांत शामिल हैं। बुवाई और कटाई जैसे कृषि के चरम समय में श्रमिकों की उपलब्धता बनाए रखने हेतु राज्यों को 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बावजूद मजदूरों के 125 दिनों के रोजगार अधिकार में कोई कटौती नहीं होगी, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिक हित दोनों सुरक्षित रहेंगे।

#### समय पर भुगतान, डिजिटल निगरानी

योजना के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी कार्य ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के तहत ग्राम सभा की स्वीकृति से होंगे और पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े रहेंगे, जिससे भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे। जी राम जी योजना के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने वाले कार्यों में रोजगार सृजन किया जाएगा। इससे स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा और गांव आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे।

#### भ्रम फैलाने वालों पर कड़ा प्रहार

प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रम और दुष्प्रचार फैलाना कांग्रेस की पुरानी राजनीति रही है। उन्होंने कहा कि योजना पूरी तरह स्पष्ट है जिसमें 60% राशि केंद्र और 40% राज्य सरकार वहन करेगी, और मजदूरी महंगाई के अनुरूप स्वतः बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में योजनाएं केवल नाम और प्रचार तक सीमित थीं, जबकि भाजपा सरकार योजनाओं के वास्तविक लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि योजना के नाम को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है।प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओ को संदेश दिया की जीरामजी योजना का व्यापक प्रसार -प्रचार करें। जीरामजी योजना के साथ प्रभारी मंत्री ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे मै भी बताया।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग, दीपू शुक्ला, लोकेश ब्यौहार,वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर महतो, प्रकाश गुप्ता, राजेश चौधरी,सरपंच नम्रता आकाश नायक, अमित साहू, रामकृपाल हल्दकार, वीरू नायक सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।



# विद्यार्थियों को दिया गया टमाटर उत्पादन का तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ वी के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को टमाटर की उन्नत खेती एवं कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत केंचुआ खाद निर्माण की चार गड्ढा विधि से केंचुआ खाद बनाने का अवलोकन एवं तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि टमाटर की उन्नत खेती के अंतर्गत जलवायु भूमि बलुई दोमट टमाटर की देसी किस्म 500 ग्राम एवं शंकर किस्म 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर बीज की आवश्यकता होती है। बीज की बोनी जून-जुलाई एवं जनवरी-फरवरी में ट्राइकोडर्मा विरडी से बीज उपचार कर क्यारी बनाकर नर्सरी तैयार करते हैं। 20 से 25 दिन के पौधों को नर्सरी से उखाड़ कर वैज्ञानिक विधि से दी गई सलाह के अनुसार खेतों में रोपाई करते हैं।

मेंड़ों पर चारों तरफ गेंदा के पौधों की रोपाई करने से फूल खिलने की अवस्था में फल भेदक की टमाटर की फसल में कम लगते हैं। जैविक खाद सिंचाई, मिट्टी चढ़ाना और पौधों को सहारा देना खरपतवार नियंत्रण, एकीकृत कीट एवं रोग नियंत्रण, फलों की तुड़ाई, उपज एवं विपणन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण की चार गड्ढा विधि से केंचुआ खाद निर्माण का अवलोकन भी कराया गया।

**कलेक्टर के सख्त निर्देश पर नगर निगम अमला मुस्तैदी से कार्य में जुटा**

# पेयजल आपूर्ति में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अलर्ट मोड में करें सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा नगर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के दिए गए निर्देशों के परिणामस्वरूप शहर के हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचे, इसके लिए निगम प्रशासन ने अपनी निगरानी व्यवस्था को बेहद सख्त करते हुए प्रातः कालीन एवं सायंकालीन पेयजल सप्लाई के दौरान नागरिकों से संवाद कर पेयजल की गुणवत्ता का फीडबैक लिया जाकर जल के सैंपल भी एकत्रित किये जा रहे है।

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर निगम की जल प्रदाय पेयजल शाख एवं तकनीकी टीम द्वारा पेयजल वितरण की व्यवस्था पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहकर आपूर्ति की निगरानी की जा रही है। लीकेज या दूषित पानी की शिकायत मिलते ही तत्काल अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार कार्य हेतु दिशा निर्देश प्रदान कर रहे है।

#### रोजाना हो रही सैंपलिंग

प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि नगर निगम के जल विभाग ने पानी की शुद्धता जांचने के अभियान को गति प्रदान की जाकर अब तक 138 पानी के सैंपल लिए जाकर नमूनों को जांच हेतु लैब भेजने की कार्यवाही की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी हालत में कहीं भी दूषित जल की आपूर्ति न हो सके। जल प्रदाय विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जांच हेतु अब तक प्रेषित नमूनों में 120 पानी के सैंपल की गुणवत्ता मानक अनुरूप पाई गई है। इनमें से कुछ पानी के नमूनों की क्रॉस सैंपलिंग हेतु लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग भेजा गया है। शेष नमूनों का सैंपलिंग कार्य प्रक्रियाधीन है।

जल प्रदाय विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शुक्रवार को उपनगरीय क्षेत्र अमीरगंज नई पानी की टंकी, खेर माता मंदिर, बाबा नारायण शाह वार्ड काली माता मंदिर हॉस्पिटल लाइन, संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाइन तथा टंकी नंबर 4, बंगला लाइन, महात्मा गांधी वार्ड पांडे गली, बाबू जगजीवन राम वार्ड, एनकेजे पानी टंकी, रघुनाथ गंज वार्ड घंटाघर, वीर सावरकर वार्ड शंभू टॉकीज गली, विवेकानंद वार्ड टिकरिया लाइन और नयागांव लखेरा, कावस जी वार्ड, मानसरोवर कॉलोनी, ओवर हेड टैंक क्रमांक 1,2 और 3 सहित अन्य स्थलों में विभिन्न स्थलों से की जाने वाली पेयजल सप्लाई का जायजा लिया जाकर पानी के सैंपल एकत्रित कर जांच हेतु लैब भेजे गए।

## मिट्टी परीक्षण के लिए नमूना लेने की विधि का प्रयोग प्रदर्शन



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राचार्यडॉ इंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। फसलों के लिए आवश्यक 17 प्रकार के पोषक तत्वों की जानकारी दी गई रासायनिक खाद मैं दो या तीन तत्व होते हैं जैविक खादों में सभी पोषक तत्व होते हैं। मिट्टी परीक्षण के लिए गर्मी में गेहूं की कटाई के बाद खेत से प्रति हेक्टर 10 से 15 स्थान से मिट्टी नमूना लेकर बतलाई गई विधि से 500 ग्राम मिट्टी को नमूना पत्र के साथ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजने तथा परिणाम पत्रक में दी गई सिफारिश के अनुसार फसलों में खाद देने की तकनीकी जानकारी दी गई मिट्टी परीक्षण से पीएच मान जैविक कार्बन विद्युत चालकता अम्लीयता छारीयता नाइट्रोजन फास्फोरस पोटाश भूमि में उपलब्धता की जानकारी प्राप्त होती है। मिट्टी की जांच का उद्देश्य पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्वों को संतुलित मात्रा तथाउपलब्ध अवस्था में आपूर्ति कर सकें। साथ ही मृदा किसी दुष्प्रभाव या विषैलेप्रभाव से पूर्णतया मुक्त हो। खादों कीउचित मात्रा का उचित समय पर उचित विधि के द्वारा प्रयोग करते हुए अधिकतम उपज प्राप्त की जा सके। मिट्टी परीक्षण हेतु मिट्टी का नमूना लेने की विधि का प्रयोग प्रदर्शन किया गया।

# सीमित संसाधनों और अनेक बाधाओं को पार कर बनाई 1.5 करोड़ के वार्षिक टर्नओवर की कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

साधारण परिवार से आने वाली कटनी जिले की युवा उद्यमी स्नेह अग्रवाल ने सीमित संसाधनों और अनुभव की कमी जैसी बाधाओं को पार करते हुए, भारती कोरोगेशन एंड बैग प्रिंटिंग इंडस्ट्री को 1.5 करोड़ रूपये के वार्षिक टर्नओवर वाली सफल इकाई में बदल दिया है।

वर्ष 2017 में स्थापित, भारती कोरोगेशन एंड बैग प्रिंटिंग इंडस्ट्री, पैकेजिंग उद्योग में कार्यरत है। यह इकाई विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले कोरोगेटेड बॉक्स, प्रिंटेड पैकेजिंग सामग्री और एक्सपोर्ट पैकेजिंग सॉल्यूशंस के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है और निर्यात करने वाले उद्योगों को अपनी सामग्री की आपूर्ति करती है।

स्नेह अग्रवाल के उद्यमिता सफर में सबसे बड़ा मोड़ तब आया, जब उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी से सही मार्गदर्शन मिला। उन्हें विभाग के माध्यम से एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी मिली।

स्नेह अग्रवाल बताती हैं कि ₹संसाधन सीमित थे और अनुभव कम था... ऐसे समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी ने मुझे सही दिशा दिखाई। एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मुझे 48 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिसने मुझे आवश्यक संसाधन जुटाने में बड़ी मदद की।

यह आर्थिक सहयोग स्नेह के लिए संजीवनी साबित हुआ। इस सब्सिडी ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और उन्हें शुरुआती बड़े आर्थिक दबाव के बिना अपने व्यवसाय को स्थापित करने का अवसर दिया।

#### 7 महिलाओं समेत 17 लोगों को दिया रोजगार

स्नेह अग्रवाल के लिए व्यावसायिक सफलता सिर्फ टर्नओवर तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक बदलाव लाने की उनकी प्रतिबद्धता में भी निहित है। आज उनका उद्यम कुल 17 लोगों को रोज़गार दे रहा है, जिसमें से 7 महिलाएँ हैं।

स्नेह अग्रवाल कहती हैं कि ₹आज मेरा व्यवसाय न केवल मुझे आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि 7 महिलाओं को नियमित रोज़गार भी प्रदान कर रहा है। यह मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि मैं जानती हूँ कि एक महिला को रोज़गार मिलने से पूरे परिवार का जीवन बेहतर होता है।

**महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर कार्यशाला आयोजित**

# अंग्रेजी को दे रहे महत्व लेकिन हिंदी हमारी संस्कृति, इसके बिना संभव नही है विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विश्व हिंदी दिवस के अवसर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा किहिंदी हमारी मातृभाषा है। संस्कृत प्राचीन भाषा है। इससे ही हिंदी की उत्पत्ति हुई। संस्कृत मां और हिंदी उसकी बेटी है, हिंदी विशेष रूचिकर है। देश में भले ही अंग्रेजी को ज्यादा महत्व दिया जा रहा हो लेकिन हिंदी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। हमारी पहचान मातृभाषा से ही होती है। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करने के बाद भी कुछ विद्यार्थी हिंदी में बहुत रुचि रखते हैं। जो रस हिंदी में मिलता है वह रस अंग्रेजी में नहीं मिलता। आज अंग्रेजी हमारी आवश्यकता है लेकिन हिंदी हमारी संस्कृति है। इसलिए संस्कृति के बिना किसी भी व्यक्ति का विकास नहीं हो सकता। हिंदी पढ़ाने में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हमारी समाज आज भौतिकवादी युग की ओर बढ़ रहा है। जिस कारण हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी में ही बोले, पढ़े और लिखें। इससे उनके बच्चों का ज्ञान अधूरा हो जाता है न बच्चे अंग्रेजी के हो सकते हैं न हिंदी के हो पाते हैं।हालांकि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा ठोस निर्णय लिए जा रहे है।अब उच्च व उच्चतम न्यायलयों के फैसले भी हिंदी भाषा मे उपलब्ध हो रहे है। एमबीबीएस की पढ़ाई भी हिंदी भाषा मे हो रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजो को चिकित्सको के द्वारा हिंदी में दवाइयां लिखी जा रही है। हिंदी हमारी पहचान है, हमारा गर्व एवं स्वाभिमान है। यह बस एक भाषा नहीं बल्कि देश को एकता के सूत्र में बांधने वाली भावों की अभिव्यक्ति है। मुख्य वक्ता डॉ किरण खरादी ने कहा कि हिंदी मात्र भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परंपरा की विरासत को अपने में संजोए रखने एवं हमारे सांस्कृतिक गौरव, एकता व अखंडता की पहचान है, जो संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है। आज भी शिक्षको को हिंदी पढ़ाने में चुनोतियाँ का सामना करना पड़ता है।उनका मानना है कि शुरुआती कक्षाओ से विद्यार्थियों को हिंदी पर सही ज्ञान नही मिलता है।

## लीकेज—प्रदूषण संबंधी शिकायतों पर करें मुस्तैदी से कार्यवाही

# प्रभारी आयुक्त ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं लैब की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सीईओ और नगर निगम की प्रभारी आयुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर ने शनिवार प्रातः कटाए घाट स्थित जल शोधन संयंत्रों एवं पेयजल की गुणवत्ता जांच हेतु स्थापित लैब की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली एवं लैब में मौजूद मशीनों द्वारा की जाने वाली पानी के नमूनों विभिन्न जांच की प्रक्रिया का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता, सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, केमिस्ट मानेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



#### क्रॉस वेरिफिकेशन हेतु पी एच ई भेजे नमूने

प्रभारी आयुक्त श्रीमती कौर द्वारा लैब निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों से संग्रहित किए गए पानी के नमूनों का निरीक्षण कर नमूनों का स्टैंडर्ड निर्धारित करने के निर्देश दिए। पानी के नमूनों की विभिन्न मशीनों से की जाने वाली जांच प्रक्रिया के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव एवं केमिस्ट मानेन्द्र सिंह द्वारा conductivity मीटर, जार टेस्टिंग, केमिकल इक्विपमेंट, टी डी एस मीटर, पी एच मीटर, टर्बिडिटी मीटर आदि उपकरणों की कार्य प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर गर्ग चौराहे से एकत्रित सैंपल की टी डी एस जांच किए जाने पर मानक अनुरूप पाया गया। प्रभारी आयुक्त श्रीमती कौर द्वारा पेयजल की अन्य जांच प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली जाकर सैंपलिंग कार्य निरंतर जारी रखने तथा जिन भी स्थलों से शिकायत प्राप्त हो रही है उक्त स्थलों के पानी का लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के लैब से क्रॉस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए।

प्रभारी आयुक्त श्रीमती कौर ने नगर में विभिन्न माध्यमों से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति की जानकारी उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव से ली तथा किसी भी माध्यम से लीकेज अथवा पानी सम्बन्धी शिकायत का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए।

#### जल शोधन संयंत्रों का निरीक्षण

प्रभारी आयुक्त द्वारा 20 एम एल डी प्लांट एवं सुरम्य पार्क के बाजू स्थित 9 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के निरीक्षण के दौरान तीनों फिल्टर यूनिट, ब्लीचिंग डोज, एयर कंप्रेसर मशीन, विभिन्न चैनलों के माध्यम से पानी फिल्टर होने की प्रक्रिया संबंधी यूनिट्स का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संधारित स्टॉक रजिस्टर से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान एलम, लाइम, ब्लीचिंग पाउडर एवं अन्य सामग्री की दैनिक खपत का अवलोकन किया।

प्रभारी आयुक्त द्वारा जल शोधन संयंत्र में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों तथा उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए तकनीकी अमले को पूरी मुस्तैदी के साथ शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

# पुलिस टीम पर हमला, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र के देवगांव में टीम पर पारधियों ने संगठित होकर हमला कर दिया। पत्थरबाजी की इस घटना में पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे लेकिन पुलिस का निजी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार लगभग तीन माह पहले कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा फाटक के पास एक बाइक चालक से लूट की वारदात हुई थी।

इस मामले में पुलिस को पुअर लाल पारधी नाम के अपराधी की तलाश थी। गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी देवगांव शराब दुकान के पास मौजूद है। सूचना पर उप निरीक्षक सौरभ सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर दबिश देने पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी और उसके साथियों ने घेराबंदी कर पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते कई पारधी एकत्रित हो गए और पुलिस पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए खुद को बचाया, लेकिन पत्थरबाजी में उनकी गाड़ी के कांच टूट गए। स्थिति तनावपूर्ण होते देख तत्काल अतिरिक्त फोर्स मंगवाई गई। भारी पुलिस बल ने इलाके में दबिश दी, जिसका फायदा उठाकर मुख्य आरोपी पुअर लाल पारधी अंधेरे का लाभ लेकर भागने में सफल रहा।

पुलिस ने पत्थरबाजी करने वाले दो आरोपियों रोहित पारधी 42 वर्ष एवं कोड्स लाल पारधी 20 वर्ष दोनो निवासी कूडो को गिरफ्तार कर लिया है। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने को बताया गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, रीठी पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने और तोड़फोड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# दमोह जबलपुर हाईवे पर बीच में टू -लेन प्रस्ताव को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा की एक बार पुनः उपेक्षा की गई है जिसके चलते क्षेत्र वासियों में व्यापक असंतोष एवं रोष व्याप्त है। क्षेत्र वासियों ने एक स्वर में फोरलेन सड़क की जोरदार मांग की है लोगों का कहना है कि क्षेत्र के विकास एवं सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए फोरलेन ही जरूरी है ज्ञात हो कि दमोह से जबलपुर को जोड़ने वाली 101 किलोमीटर लंबी नेशनल हाईवे सड़क को लेकर के विधानसभा क्षेत्र जबेरा में जबर्दस्त आक्रोश है दरअसल नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बनाये जाने वाले इस हाइवे को तीन अलग-अलग हिस्सों में विभाजित कर बनाने का प्रस्ताव दिल्ली भेजा गया है। इस प्रस्ताव के तहत दमोह से अभाना तक फोर लेन, अभाना से कटंगी तक टू लेन ,एवं कटंगी से जबलपुर तक फिर फोर लेन सड़क ,बनाने की योजना है। इसमें क्षेत्र वासियों को सबसे अधिक आपत्ति इसी बात को लेकर है कि करीब 50 किलोमीटर का हिस्सा जबेरा विधानसभा क्षेत्र से होकर के गुजरता है लेकिन पूरे विधानसभा क्षेत्र में केवल टू लेन का प्रस्ताव रखा गया है जबकि इसी मार्ग पर कहीं फोर लेन तो कहीं टू लेन सड़क होने से वाहन चालकों को काफी असुविधा होगी वहीं दूसरी ओर सड़क हादसों की आशंका भी बढ़ेगी। हैरानी की बात यह है कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र में अभाना, नोहटा, जबेरा विधानसभा मुख्यालय, संग्रामपुर, व गुबरा जैसे बड़े कस्बे आते हैं जिनसे आसपास के सैकड़ो गांव जुड़े हुए हैं इसके बावजूद पूरे जबेरा विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा की गई है जबकि दमोह एवं जबलपुर विधानसभा क्षेत्र के हिस्से में फोर लेन सड़क प्रस्तावित की गई है। गौर तलब हैं की दमोह जबलपुर मार्ग पर दिन भर में। 100 से अधिक यात्री बसें निकलती है इसके अलावा रोजाना सैकड़ो भारी वाहन एवं चार पहिया वाहन 24 घंटे आवागमन करते हैं इसके बावजूद इस पूरे क्षेत्र को फोरलेन से वंचित किया गया है जिसके कारण स्थानीय लोगों में इस प्रस्ताव को लेकर के भारी आक्रोश है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र से ही प्रदेश के संस्कृति ,पर्यटन मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी आते है इसके बावजूद भी यदि इस विधानसभा क्षेत्र में टू लेन सड़क बनाई जाती है तो इसे साफ तौर पर इस क्षेत्र की अपेक्षा एवं क्षेत्र वासियों के साथ में भेदभाव के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि केवल रानी दुर्गावती अभ्यारण के लगभग 8 किलोमीटर के संवेदन शील हिस्से में टू लेन सड़क बनाई जावे शेष पूरे मार्ग में फोरलेन सड़क ही बनाई जावे। क्षेत्र वासियों का कहना है कि यदि जबेरा विधानसभा क्षेत्र में फोर लेन सड़क नहीं बनाई जाती है तो क्षेत्र वासियों को मजबूरन आंदोलन की राह बनानी होगी।

# मवेशियों को बचाने में तेज रफ्तार ट्राला नाले में पलटा

## हादसे में दो कार छतिग्रस्त व दो बाइक हुई चकनाचूर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शनिवार को नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर नाले में पलट गया इस हादसे में एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बछिया को घायल अवस्था में गौशाला भेजा गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है इस हादसे में दो कार और दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाला

### मवेशियों को बचाने में हुआ हादसा

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्राला क्रमांक PB05 Y9297 जो रायपुर से लोहा लेकर पंजाब जा रहा था। सागर-जबलपुर स्टेट हाईवे क्रमांक 15 पर तेंदूखेड़ा नगर के विद्यानगर में जैन मंदिर के पास सड़क पर अचानक मवेशी आ गए। इन्हें बचाने के प्रयास में कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इस हादसे में गोविंद ठाकुर और रतन जैन की अल्टो कारें छतिग्रस्त हो तथा दो मोटरसाइकिलें चकनाचूर हो गईं। सड़क पर खड़े दो आवारा मवेशियों की भी इस हादसे के शिकार हुए हैं

### रायपुर से पंजाब जा रहा था ट्राला

ट्राला चालक करण वीर सिंह ने बताया कि वह रायपुर से पंजाब जा रहा था लेकिन तेंदूखेड़ा में सड़क पर मवेशियों के अचानक सामने आने के कारण ट्राला अनियंत्रित हो गया और बचाने के चक्कर में अन्य वाहनों की चपेट में लेते हुए ट्राला नाले में जाकर पलट गया घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालकों को थाने भेजा गया व भीड़ को नियंत्रित किया। ट्राला को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही है

### बड़ा हादसा टला

नगर के लोगों के अनुसार नगर के अंदर कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं, जिसके कारण ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं गनीमत रही कि यह हादसा किसी बड़े रिहायशी इलाके में नहीं हुआ, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी साथ ही हाईस्कूल से बम्हौरी तक शहर के अंदर बड़े वाहन के चालक वाहनों को रफ्तार से चलाते हैं जिसके कारण हादसों का डर बना रहता है वहीं ट्राला चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि अन्य किसी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चकेरी मेला की तैयारी हुई तेज

**दमोह।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लगने वाले चकेरी घाट मेले की तैयारियों को लेकर आज चकेरी में बैठक आयोजित की गई। यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध चकेरी मेला बेवास और सुनार नदी के तट पर बीते लगभग 500 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। बैठक में इस वर्ष के मेले की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले में बुंदेलखंड की प्रसिद्ध राई नृत्य और लोकगायन की विशेष प्रस्तुतियां रहेंगी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोकगायक एवं कलाकार भी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देते हुए मंच प्रदान किया जाएगा। जो भी इच्छुक कलाकार—गायक या अन्य किसी कला में निपुण—हों, वे मेला समिति से संपर्क कर सकते हैं। यह बैठक मां वन खाडन माता के दरबार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंत्रीपुत्र लोकेंद्र पटेल उर्फ लकी पटेल तथा भाजपा मंडल के सरपंच प्रतिनिधियों ने की। बैठक में नरसिंहगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह लोधी, विवेक श्रीधर, कपिल शुक्ला, प्रशांत पटेल, महेंद्र पटेल, बलिराम अठिया, शंकर कुर्मी, सुनील पटेल, ताराचंद्र लडिया, मनोज श्रीवास्तव सहित विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मेला कमेटी से मुकेश ठाकुर, पुष्पेंद्र पटेल, विकास पटेल, भूले पटेल, सुंदर पटेल, परम सिंह, शिव सिंह, गौतम अहिरवार सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। समिति ने मेले को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया।

# कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह।** रामनगर कुचबंदिया बस्ती, कुचबंदिया मंदिर, जबलपुर नाका में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के जन्म दिवस के उपलक्षय में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, अमित बजाज, पवन तिवारी, देवल कोरी, अर्जुन प्रताप सिंह एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम घुमंतु समुदाय के बीच में किया गया जिसमें घुमंतू के जिला संयोजक इंद्र कुमार कोरी, प्रांत टोली सदस्य अरविंद, अखिलेश जी, विजय जैन, योगी दीपक सिंह राजपूत, अर्जुन प्रताप सिंह राजपूत, संजय सेन जी, सुनील यादव, नरेश वर्मा, आचार्य चरण दास जी एवं समस्त घुमंतू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर ट्रेनिंग में की सहभागिता

**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन(एप्को) द्वारा प्रायोजित पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु स्वच्छता अभियान महाविद्यालय के खेल परिसर, उद्यान एवं प्रांगण में आयोजित किया गया। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.जैन के दिशा निर्देशन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। स्वच्छता अभियान के पश्चात स्थानीय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग दमोह (म प्र) में हो रहे एक दिवसीय ट्रेनिंग में ईको क्लब के स्वयं सेवकों द्वारा सहभागिता की गई। जिसमें उद्यान अधीक्षक एवं उनके सहयोगियों के द्वारा पौधों में कटिंग प्रजनन विधि, ग्राफ्टिंग, चीप, विनेगर विधि, वर्मी कंपोस्ट, वर्मी बेड सेटअप एवं पौधों के संरक्षण में पॉलीहाउस या नेटहाऊस की उपयोगिता तथा महत्व पर ट्रेनिंग सहित वृहद जानकारी प्रदान किए। इस अवसर पर अतिथि विद्वान डॉ. ऋषिभा दीक्षित, श्री गौरीशरण पटेल एवं श्री मनीष पटेल की विशेष सहयोग व उपस्थिति रही तथा ट्रेनिंग में 35 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# हिंदू सम्मेलन हेतु हिनौता में निकाली शोभा-यात्रा

**हिनौता।** राष्टीय स्वयं सेवक संघ सताब्दी बर्ष के तारतम्य में देश भर में चल रहे हिन्दू सम्मेलनों के अन्तर्गत ग्राम सकौर में 24 जनवरी 2026 को आयोजित सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु आज हिनौता गांव में शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हिनौता मण्डल के पालक रामदयाल जी पटेल, हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक श्री महेन्द्र सिंह जी चंदेल, हर्ष वर्धन जी पटेल, पंडित दिनेश जी दुबे, नाथूराम जी सेन, दिनेश जी गोस्वामी, गुड्डू जी पटेल, सजल असाटी, मूरत सिंह जी, सतीश जी पटेल, संजू साहू जी, तारापत जी रजक सहित सैकड़ा की संख्या में बच्चियां कलश लेकर एवं बच्चे शामिल रहे।

# शराबियों के आतंक से आम जन परेशान, नहीं लगती पुलिस गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

शाम होते ही ग्राम के बस स्टेंड, बैरियर नाका, आदिवासी वार्ड, एवं हरदौल बाबा चबूतरा के पास में जाम से जाम टकराने का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहता है। शराब पीकर हवा में ही गाली गलोज करना रोज का काम बन चुका है, बस स्टैंड पर शराबी शराब पीकर गंदी गंदी गाली देते हैं जिससे आम इज्जतदार लोगों का अपने घर से बाहर निकलना दुभर हो जाता है। ग्राम वासियों ने हरिभूमि को बताया कि जब हमारे घर पर कोई मेहमान आते हैं तो इन शराबियों के आतंक को देखकर हमें बड़ी शर्मिंदगी महसूस होती है। कभी-कभी तो बाहर से आए रिश्तेदारों को भी इन शराबियों के उत्पाद का शिकार होना पड़ता है। लोग बताते हैं कि शराबियों के होसले इतने बुलंद है कि कभी-कभी तो पुलिस वालों की मौजूदगी में भी यह उत्पाद करते हुए देखे जा सकते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि यदि रात्रि में पुलिस गस्त लगाई जाए तो शायद शराबियों पर अंकुश लगाया जा सकता है लेकिन अफसोस की रात्रि मे पुलिस गस्त नहीं लगती है। हां यदि कागजों में लगती हो तो यह अलग बात है, लेकिन धरातल पर रात्रि में पुलिस गस्त नहीं देखी जाती है। क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवी लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते क्षेत्र में जुआ सट्टा बड़े पैमाने पर चल रहा है जिसकी वानगी ग्राम के बस स्टैंड पर एक चाय पान के डिब्बा पर, एवं हनुमानगढ़ी टिकट्डा पर साफ देखी जा सकती है, इसी तरह ग्राम मुहरई, खमरगौर आदि गांव में जुआ सट्टा का अवैध व्यापार फल फूल रहा है। क्षेत्र वासियों ने पुलिस प्रशासन से अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा एवं शराब खोरी पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है, अब देखना यह होगा कि गैसाबाद थाना प्रभारी इस ओर कब? और कितना? ध्यान देते है।

# स्वास्थ्य केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासकीय महाविद्यालय जबेरा की छात्राओं ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की154 वीं जन्म जयंती के अवसर पर इस जन्म जयंती को पूरे भारत वर्ष में इसे सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाना है उसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय जबेरा की छात्राओं ने शुक्रवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कमल चौरसिया के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा संपूर्ण जबेरा नगर में स्वच्छता रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से ग्राम में स्वच्छता का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया इसके उपरांत रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंची जहां पर समस्त छात्राओं के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आसपास के क्षेत्र में महाविद्यालय स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने साफ सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ की मौजूदगी रही उपस्थित स्टाफ के द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए स्वच्छता के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहां की इस कार्य के साथ-साथ युवा छात्र-छात्राओं को ब्लड डोनेशन भी करना चाहिए हम ब्लड डोनेशन करके किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से हम लोगों को भी इसके अनेक फायदे हैं इस कारण हम बहुत सी बीमारियों से दूर रहते हैं एवं हमारे शरीर में 21 दिन में नया रक्त बनता है साथ ही हम रक्तदान करके हार्ट अटैक, कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। डॉ राय ने बताया कि अभी 2 दिन पूर्व आपके ही महाविद्यालय की एक छात्र का हीमोग्लोबिन 4 पॉइंट था जिसको रक्तदान के द्वारा उसकी जान बचाई गई इसलिए मैं सभी से आवाहन करता हूं कि आगामी 22 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा जिसमें आप सभी लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें एवं एवं ग्राम वासियों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर कमल चौरसिया, मोहित पांडे,डॉक्टर रश्मि तिवारी,डॉक्टर जितेंद्र अहिरवार, डॉक्टर सुखलाल पटेल ,डॉ विनय रैकवार,डॉक्टर रतन पटेल,सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# आद्य रामानंदाचार्य का समरसता के प्रति साहसिक उद्घोष ही एकता का सूत्र- श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी का एक अनोखा, राष्ट्रहितकारी समर्पण यह था कि उन्होंने भक्ति को केवल व्यक्तिगत मोक्ष तक सीमित न रखकर समाज-सुधार और सांस्कृतिक एकता का माध्यम बनाया। यह उद्गार काशी स्थित सभा के मध्य श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के मुखारविंद से आविर्भूत हुए जहां भारतीय चेतना के वह उज्ज्वल दीप कहलाए, जिसकी ज्योति केवल साधना-कक्ष तक सीमित न रहकर समूचे राष्ट्र-प्रांगण को आलोकित करती है। उन्होंने भक्ति को आत्मोद्धार का साधन मात्र नहीं रहने दिया, बल्कि उसे समाज-निर्माण और राष्ट्र-चेतना की सशक्त धारा में प्रवाहित किया।



जिस युग में संस्कृत की गरिमा शास्त्रों तक सिमटी हुई थी, उस समय उन्होंने लोकभाषा को धर्म का वाहन बनाकर जन-जन के हृदय में रामतत्त्व की प्रतिष्ठा करते हुए यह भाषिक अर्थात भाषा से ऊपर साहसिक कदम जिसमें सभी भाषाएं सीमित न रही भारतीय सांस्कृतिक लोकतंत्र का प्रथम घोष किया। उनके लिए राम केवल आराध्य नहीं, बल्कि मर्यादा, न्याय और करुणा के सजीव आदर्श थे, ऐसे आदर्श जिन पर एक सुदृढ़ राष्ट्र की नींव रखी जाती है। रामानंदाचार्य जी की परंपरा में भक्ति ने समरसता का रूप धारण किया। जाति, कुल और सामाजिक भेद उनके लिए अर्थहीन थे। हरि को भजे जो हरि का होई कबीर, रैदास और पपिहा, धन्ना जैसे 12 शिष्यों के माध्यम से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि आध्यात्मिक ऊँचाई जन्म से नहीं, चरित्र और चेतना से मापी जाती है। यह दृष्टि भारतीय समाज को जोड़ने वाली सेतु बनी। उनका वैराग्य लोकविमुख नहीं था; वह करुणा से ओतप्रोत लोकमंगल की साधना थी। तीर्थ, नगर और ग्राम उनके उपदेशों से अनुप्राणित हुए और उत्तर भारत की भूमि पर वैष्णव चेतना की ऐसी जड़ें पड़ीं, जिन्होंने संकट काल में भी भारतीय आत्मा को अक्षुण्ण रखा। प्रयाग राज में उनके जन्म के 726 वर्ष हुए है जहां काशी की पवन धरा उनकी कर्तव्य भूमि में आयोजित सभा में शामिल जगत गुरु रामकमलाचार्य, महंत श्रवण दास महंत मोहन दास महंत सिया राम दास सहित वैष्णव विरक्त संत समाज के प्रतिनिधित्व करते हुए श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी का उद्बोधन करते हुए सम्मान किया यह एक दिवसीय और द्वय आध्यात्मिक नगरों में एक साथ प्रदीप्त होती हुई ऐतिहासिक उपलब्धि की झलक है जो बुंदेलखंड का स्वर्णिम इतिहास गढ़ रहा है।

# प्रज्ञापीठ तेवरईया में संपन्न होगा विशाल हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदुओं को एक जुटता आत्मीयता समरसता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने देशभर में सकल हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम तेवरईया प्रज्ञापीठ में 28 जनवरी 2026 को विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न होगा। जिसकी तैयारी हेतु गायत्री माता मंदिर में विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए वेदमन्त्रों के साथ कलश स्थापना अक्षत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पिपरिया मंडल के पालक बृजेश पटेल ने बताया हिन्दू सम्मेलन हेतु ग्राम तेवरईया, देवरा जामशा, अबदा, भुनगुंआ, पिपरिया, भैंसा एवं मजगुंआ के सभी ग्रामवासियों को बाइक रैली द्वारा घर घर पीले चावल अक्षत पहुंचाकर प्रत्येक हिंदू परिवार को आगामी हिंदू सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आमंत्रण दिया जाएगा। जन-जागरण, परिवार संपर्क और सांस्कृतिक जागृति के लिए हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित यह हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित, जागृत एवं संस्कारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। समाज को पंच परिवर्तन की दिशा में संगठित करने के लिए पूरे देश हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर, बस्तियों और मंडलों में आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु अभियान टोली का गठन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रज्ञापीठ के सह प्रबंधक दुर्गा प्रसाद पटेल, पूर्व सरपंच मथुरा पटेल, सहसंयोजक देवकी पटेल, अरविंद, सूरज , जगदीश, दीनदयाल, संतोष, कमलेश पटेल लक्ष्मण सींग लोधी, भरत सींग, लोधी घनश्याम दाहिया सभी के प्रति संयोजक नारायण सिंह पटेल एवं गायत्री परिवार के दिनेश दुबे ने आभार व्यक्त किया।

# मेगा शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

शासन के आदेशानुसार नगर परिषद पटेरा क्षेत्र में दिनांक 9 जनवरी 2026 को आयुष्मान कार्ड हेतु मेगा शिविर का आयोजन हुआ। पुरानी अस्पताल मंगल भवन स्थित में आयोजित किया गया। जिसमें वृहद स्तर पर नागरिकों के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। आयोजित शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहीरवाल वार्ड क्रमांक 14 पार्षद श्रीमती राजरानी अहिरवार वार्ड क्रमांक 13 पार्षद कन्नू बंसल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम सिंह चौहान श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक श्रीमती मंजूषा त्रिपाठी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर परिषद पटेरा उपयंत्री नितिन सैंड्या, योजना प्रभारी दानिश खान, विकास चौबे, लकी असाटी, मनोज ताम्रकार, नितेश चौरसिया, कमलेश नामदेव, अभिषेक पटेल, इंद्रजीत सिंह राजपूत, अमित दुबे, सुनील आदिवासी एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही। साथ ही स्वास्थ्य

# विश्व हिंदी दिवस मनाया



**हटा।** नगर के श्री राघवेन्द्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा में शनिवार को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें हिंदी विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता, विषय आधारित चित्रकला प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए बीएससी के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार अहिरवार, वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ राहुल चौधरी, राजनीति विभाग से नरेश कोरी, महादेवा सिंह जाट, ममता सोनी, तृषा सिंह तोमर, डॉ अंजना पांडे आदि ने अपने-अपने वक्तव्य से विश्व स्तर पर हिंदी भाषा के बढ़ते हुए चरण के विषय को लेकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। साथ ही पुस्तक प्रदर्शनी में हटा क्षेत्र के गौरव लोकविद् शिक्षाविद, हिंदी के प्रकाण्ड विद्वान डॉ श्याम सुंदर दुबे एवं अन्य साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी बीच महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र कवि राजधर अठया ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भी हिंदी की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार अहिरवार एवं अन्य स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आशा राठौर द्वारा किया गया।

# नगर परिषद ने इलेवन स्टार को हराया



**तेंदूखेड़ा।** नगर परिषद और इलेबिन स्तर के बीच शुकवार की रात उत्कृष्ट विद्यालय में मैच खेला गया। इस मैच में नगर परिषद तेंदूखेड़ा की टीम ने जीत हासिल की जीत को जीत दिलाने में सजल तोमर की अहम भूमिका रही। वहीं दूसरा मैच सत्यम के शेर और दयोदय गौशाला के बीच खेला गया इस मैच में दयोदय गोशाला में पहले बल्लेबाजी करते हुये रन बनाए जबाव में यह लक्ष्य सत्यम के शेर टीम ने महज चार ओवर में ही प्राप्त कर जीत दर्ज की। इस टीम में अजय यादव ने बेहतर प्रदर्शन किया। तीसरा मैच मनोज एलबिन और ऊर्जा विभाग के बीच खेला गया जिसने मनोज इलेबिन ने मैच जीता। शुकवार को पहला मैच नगर परिषद तेंदूखेड़ा और इलेवन स्टार के बीच हुआ जिसमें सजल तोमर ने 10 बॉल में 27 रन बनाकर और 3 विकेट लिए उनको मेन ऑफ द मैच मिला। दूसरा मैच दायोदय क्रिकेट क्लब और सत्यम के सेर के बीच हुआ जिसमें अजय यादव ने 10 बाल में 16 रन बनाकर और 2 विकेट लेकर रहे मेन ऑफ द मैच शिल्ड पर अपना हक जमाया। तीसरे मैच मनोज इलेवन और ऊर्जा शक्ति के बीच हुआ जिसमें अभिषेक लोधी 3 विकेट लेकर रहे मेन ऑफ द मैच। तेंदूखेड़ा नगर में रात्रि टूनामेंट का यह दूसरा वर्ष है खेलप्रेमियों में इस खेल के प्रति काफी उत्साह है। शाम के छ बजे से लेकर रात्रि ग्यारह बजे तक जबलपुर मार्ग पर लोगों का मेला लगा रहता है जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी अधिकारियों की उपस्थिति इस आयोजन को पूर्ण सफलता प्राप्त करा रही हैं। शुक्रवार को आयोजन स्थल पर टूनामेंट के संरक्षक नितेंद्र सीग लोधी निखिल सीग उमेश यादव के साथ नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन सासंद प्रतिनिधि मूरत सीग लोधी गौशाला अध्यक्ष संजय जैन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अरविंद्र मोदी विवेक चौधरी तेंदूखेड़ा टी आई आर आर बागरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे जिन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाया।

# 'ने करो 10' का हुआ विमोचन



**दमोह।** सत्येंद्र तुलाराम साहू के द्वारा लिखित किताब ने करो 10 का विमोचन प्रसिद्ध फ़िल्मि अभिनेता मुकेश तिवारी और रघुवीर यादव व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने किया.बुंदेलखंड फ़िल्मि फेस्टिवल के आयोजन में 10 जनवरी को कार्यक्रम में राधिका पैलेस दमोह में मुंबई से आकर प्रसिद्ध फ़िल्मि अभिनेता मुकेश तिवारी, रघुवीर यादव पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे,रामगोपाल जी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल,अभिषेक दीपू भार्गव, सिद्धार्थ मलैया,लकी पटेल ने किया.एवं कार्यक्रम के आयोजक सत्येंद्र सिंह, मंच संचालक राजीव अयाची जी का विशेष सहयोग रहा.लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू ने बताया कि नकरात्मक से सकरात्मक की ओर अलख जगाने की कोशिश कर रहा हूँ.ने करो 1 से 10 संस्करण पढ़ने के लिए प्लेस्टोर, गूगल बुक्स, अमेज़ॉन, फ्लिपकार्ट, कोबो पर बुक कर सकते है. ने करो दसवमां संस्करण की लिंक पर बुक कर जरूर पढ़ें। इधर उधर बिखरे पड़े विचारों, उक्तियों, सुक्तियों से सजाकर ने करो प्रथम संस्करण से दसवें संस्करण किताब की अपार सफलता के बाद ने करो 11 ग्यारवाँ संस्करण भी लिखकर प्रकाशित करने की कोशिश करूंगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पुरनयाऊ में रेत-बजरी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए, ट्रेक्टर जब्त

**दमोह।** जिले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में 10 जनवरी को दोपहर 12:15 बजे जबेरा तहसील अंतर्गत ग्राम पुरनयाऊ में रेत-बजरी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमले द्वारा की गई। जांच के दौरान ग्राम में ट्रैक्टर क्रमांक MP20D1188 द्वारा बिना रॉयल्टी रेत का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। उक्त वाहन को जप्त कर पुलिस थाना जबेरा में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। संबंधित प्रकरण में खनिज नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

### शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन

**दमोह।** जन शिक्षा केंद्र अभाना में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद शासकीय प्राथमिक शाला हनुमत डोंगरी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दमोह बीआरसी ललित रैकवार, जनशिक्षक रघुवर तिवारी, नरेंद्र अहिरवाल एवं जन शिक्षा केंद्र अभाना के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता कर सभी ने अपने-अपने विद्यालय के उत्कृष्ट कार्य एक दूसरे से सांझा किये। इसके उपरांत बीआरसी श्री रैकवार ने शाला का निरीक्षण किया और श्री हनुमान मंदिर में दर्शन लाभ लिया। वहीं शाला परिवार के ओर से गक्कड़ भर्ता का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ चढ़कर भाग लिया।

### ग्राम नोहटा में हुआ पाइपलाइन सुधार

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जल निगम द्वारा संचालित नल-जल योजना के अंतर्गत दमोह पटेरा स्कीम के ग्राम नोहटा में कुछ घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गंदा पानी पहुंचने एवं पानी में दुर्गंध आने की सूचना मिलते ही जल निगम की अनुबंधित संस्था जिंदल टीम ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और समस्या वाले स्थान की स्पॉट आईडेंटिफिकेशन की। जांच के दौरान पाइपलाइन में तकनीकी खामी पाई गई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण किया गया। पाइपलाइन सुधार के बाद अब ग्राम नोहटा के लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पीने योग्य पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है।

# क्षतिग्रस्त झापन पुल पर जान जोखिम में डालकर निकल रहे बाईक सवार

### ग्रामीणों की मांग : झापन घाट पुल का पुनः निर्माण कर आवागमन चालू हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

तेंदूखेड़ा ब्लॉक की व्यारमा नदी पर बना झापन घाट पर ओवरब्रिज का स्लेप बाढ़ में बह जाने के बाद से स्टेट हाइवे-21 पर पिछले छः माह से आवागमन पूरी तरह ठप है। बाढ़ में क्षतिग्रस्त पुल की जगह नया ओवरब्रिज बनाने के लिए भारत सरकार की सेतु बंधन योजना के तहत प्रकरण बनाकर हाई लेवल पर भेजा गया है, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ऐसे में मंजूरी मिलने में और समय लगने की संभावना है। इसी देरी को देखते हुए बंद पड़े मार्ग पर यातायात बहाल करने के लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने व्यारमा नदी में अस्थाई मार्ग बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए शासन को अलग से प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें करीब 5 करोड़ रुपए की राशि मांगी गई है। फिलहाल लोगों को इमलिया घाट के खर्राघाट से होकर करीब 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे पाटन, तेंदूखेड़ा, रहली और सागर के बीच आवागमन के साथ-साथ जबलपुर-सागर मार्ग भी प्रभावित हो रहा स्थिति यह है कि कई बाइक सवार झापन पुल मार्ग बंद होने के बावजूद जल संसाधन विभाग के स्टॉप डैम से होकर बाइक निकाल रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। कई बार छोटी छोटी घटनाएं घटित हो चुकी है। लेकिन शासन प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। जब तो आज तक इसका कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोग झापन, सुरादेही, लकलका, ग्वारी, नयाखेड़ा, आदि ग्रामों के लोगों की अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। दैनिक दिनचर्या के सामग्री के लिए इन ग्रामों का जनसमुदाय झलौन बाजार पर निर्भर रहते है। बच्चे भी पढ़ने के लिए शासकीय स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल झलौन के लिए जाते है। एमपीआरडीसी के प्रबंधक सागर नितिन बरबे द्वारा बताया गया कि हाई लेवल विज का डीपीआर हमारा बन चुका है शासन के पास अप्रूवल के लिए गया है लेकिन उसमें 2-3 वर्ष का समय लगेगा। लेकिन तत्काल डायवर्सन चालू हो जाए उसके लिए भी 4.50 करोड़ प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया है। शासन की मंजूरी मिलते ही हम काम प्रारंभ कर देगे। क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जी माननीय धर्मेंद्र लोधी से क्षेत्रीय लोगों की मांग पर मीडिया प्रभारी मुकेश जैन 27 जनवरी को सिद्ध धाम पंडा बाबा मौखिक अनुरोध किया झापन घाट पर पुल पुनः निर्माण कार्य शुरू कर आवागमन फिर शुरू हो सके हो सके।

### परिजनों ने लगाये हत्या के आरोप, वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के झापन रेंज का मामला

# टाइगर रिजर्व में वनरक्षक का जला हुआ मिला शव, आग बुझाने गए थे जंगल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/दमोह

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के झापन रेंज में पदस्थ वनरक्षक सुंदरलाल जैन का जला हुआ शव जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया घटना शुक्रवार की है परिजनों को सूचना देर शाम को लगी है शनिवार दोपहर शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शुक्रवार शाम जंगल में आग बुझाने गए थे बीटगार्ड

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार टाइगर रिजर्व की मनका बीट में पदस्थ वनरक्षक त्रिवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि झापन में तैनात सुंदरलाल जैन शुक्रवार शाम जंगल में आग बुझाने गए थे सुरक्षा श्रमिक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। शाम करीब 7 बजे धर्मेंद्र सिंह लोधी को सुंदरलाल जैन का जला हुआ शव जंगल में मिला जिसके बाद तत्काल अधिकारियों को सूचना दी गई और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुरक्षा श्रमिक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पुष्टि की कि सुंदरलाल जैन ऊपर पार बीट में आग बुझाने के लिए पहुंचे थे।

### झापन रेंजर बोले-पीएम रिपोर्ट से पता चलेगी असल वजह

घटना की सूचना मिलते ही इमलिया चौकी प्रभारी व पुलिस बल देर शाम को टाइगर रिजर्व के जंगल में पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की गई जहां पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है, जिसे काफी संदिग्ध माना जा रहा है। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जंगल में लगी आग बुझाते समय सुंदरलाल जैन धुएं के कारण नीचे गिर गए और आग में झुलसने से उनकी मौत हो गई वहीं झापन रेंजर नितेश डहरिया ने बताया कि बीटगार्ड का शव जली हुई अवस्था में मिला है। उनकी मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। उन्होंने इस संबंध में अभी कुछ भी कहने से इनकार किया।

### हत्या का आरोप

वहीं मृतक सुंदरलाल जैन के चचेरे भाई ने भाई की हत्या कराने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभागीय कर्मचारियों ने ही उनके भाई की हत्या की है। साक्ष्य मिटाने के लिए शरीर को झुलसाया गया है। सिर में गंभीर चोट के निशान हैं इससे मुझे आशंका है कि मेरे भाई की हत्या की गई है। हम चाहते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए वही उनके दामाद अंशुल जैन ने बताया कि पापा जी घर से दोपहर 2 बजे निकले थे और साथ में 70 हजार रुपए लेकर गए थे जो उन्होंने काम करने वाले मजदूरों की देने की बात कही थी लेकिन उनके पास से वो पैसे भी नहीं मिले हैं।

### एसडीओ बोले-सिर में चोट के घाव, पीएम के लिए सागर भेजा शव

वहीं रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के रहली एसडीओ बीपी तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सागर ले जाया जा रहा है। दमोह में डॉक्टर की ओर से बताया गया है कि सिर में एक घाव है। इसकी वजह से पोस्टमॉर्टम सागर में किया जाएगा। जहां फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में जांच कर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। परिजनों के आरोपों की भी जांच की जाएगी।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

इस पूरे मामले को इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ ने बताया घटना टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के ऊपर पार नामक स्थान की हैं वनरक्षक सुंदर लाल जैन मृतक अवस्था में मिले थे जिन्हें पुलिस के सहयोग से उनका शव शुक्रवार को जिला अस्पताल भेजा गया था लेकिन परिजनों ने आरोप लगाए है इसलिए पोस्टमार्टम हेतु शव को सागर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है जहां फॉरेंसिक जांच की जाएगी।

# अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने किया ई अटेंडेंस का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

ई अटेंडेंस के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड पटेरा के सभी अध्यापक उपस्थित रहे जिसमें की अटेंडेंस को लेकर अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे है। दबाव और एप्प की विसंतियों को लेकर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया है जिसमें मुख्य रूप से एप में नेटवर्क को लेकर होने वाली समस्याओं के कारण उपस्थिति ना लग पाने को लेकर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही जो शिक्षक किसी कारण से अपना मोबाइल चार्ज नहीं कर पाते या जल्दबाजी के चक्कर में घर पर ही भूल जाते हैं। उनके लिए उस दिन का वेतन ना मिलना एक गंभीर समस्या है। अतः समस्त अध्यापकों ने एक राय होकर यह निश्चय किया है कि माननीय हाई कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा की जाए और अटेंडेंस का विरोध जारी रखा जाये।

आज की इस बैठक में अध्यापक संवर्ग के संरक्षक नरेन्द्र बजाज, मुलायम सिंह राजपूत, माधव पटेल, रतन महदेला, दिनेश खरे, कमलेश शर्मा, अमित जैन, जानकीशरण सिंह,मनोज शुक्ला, रामकान्त दुबे,अनिल ताम्रकार, महेन्द्र पाठक, देवेंद्र तंतुवाय, दिनेश राय, लेखराम, श्याम नारायण, वृजेंद्र पटेल, हाकम सिंह, हीरा सिंह, अरविन्द पटेल, अभय पाण्डेय,निर्मल सिंह, हरप्रसाद अहिरबाल, महेश दुबे, मंगल सिंह,पंकज जैन, पुरुषोत्तम पटेल, हरवंश चौरसिया, माधव पटेल पड़री,अरुण पटेल,हीरालाल पटेल आदि की उपस्थिति रही।



# विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दमोह।** जनपद शिक्षा केंद्र पटेरा में विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जन शिक्षा केंद्र से आए बच्चों ने सहभागिता की विकास खंड स्तर से अलग-अलग विधा में दो-दो बच्चों का चयन किया गया जो जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय, हाई स्कूल प्रचार मुकेश गुजरे, विकासखंड अकादमी समन्वयक से सर पांडे, बृजेश सेन एवं बच्चों के साथ शिक्षक एवं अभिभावक को की उपस्थिति रही। विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यालयों में शासकीय माध्यमिक शाला लुहारी, बनगांव, सतरिया, भरतला, शिकारपुरा, पटना, सोजना, कुटरी, भटिया शामिल रहे। मॉडल विधा में प्रथम अंकित मंडल कक्षा 8 बनगांव, द्वितीय स्थान प्रकाश काक्षी कक्षा 7 सतरिया, लघु नाटिका में प्रथम स्थान माध्यमिक शाला लुहारी के 5 बच्चों का समूह एवं एकल गायन में सतरिया की कक्षा 8 की काशी काक्षी ने प्राप्त किया।

# मनरेगा का नाम बदलना भाजपा की ओछी मानसिकता : कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में इंदौर के भागीरथ पुश में जहरीले पानी पीने से हुई 20 निर्दोष नागरिकों की मौत और 1000 से अधिक लोग बीमार होने को लेकर एंव मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारो को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि आम नागरिको को जान से खिलवाड़ के विरोध में इंदौर के राजवाड़ा से अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा तक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया जिसमें संबंधित नगरीय प्रशासन मंत्री एवं महापौर का इस्तीफा मांगा जायेगा और मृतको के लिए 1 करोड़ मुआवजा की मांग की जायेगी। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा केन्द्र की मोदी सरकार मनरेगा योजना में से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदल दिया है वह उनकी ओछी मानसिकता है। अब तक केन्द्र सरकार मनरेगा योजना में पूरी हिस्सेदारी करती थी किन्तु अब 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकारों पर बोझ दे रही है। जिससे राज्यों की अन्य योजनाये भी प्रभावित होगी। संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परम यादव, अमर सींग, विजय बहादुर, अजय जाटव, रियाज खान ने भी कहा कि शिवराज सिंह,के कृषि मंत्री बनते ही संसद में इस विधेयक को पेश करके ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार को कुचल दिया है यह महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का अपमान है और करोड़ो मजदूरो की लाइफ लाइन छीनने की साजिश है इस योजना से सालाना म.प्र. पर 5000 करोड़ से ज्यादा का बोझ पड़ेगा जबकि म.प्र. पहिले से ही रूपये पचास करोड़ कर्ज में है। हम इस जनविरोधी श्रमिक विरोधी और संघीय विरोधी हमले का हर मंच पर सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेंगे। इस अवसर पर ए.के. चिश्ती, गजराज सिह सहित अनेको कांग्रेसजनो की उपस्थिति रही।

## बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 का हुआ शुभारंभ

# बुंदेली फेस्टिवल से भविष्य में हम फिल्म और पर्यटन के क्षेत्र में अपने बुंदेलखंड को आगे ले जाएंगे- राज्यमंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हमारी बुंदेलखंड की यह पुण्य भूमि भारत के स्वाभिमान की भूमि है, एक गीत भी चलता है कि 'ऐसी माटी न दुनिया के खंड-खंड में, जन्म दियो विधाता बुंदेलखंड में' तो कहीं न कहीं बुंदेलखंड में जन्म लेने के कारण एक गौरव का अनुभव तो होता ही है और आज बुंदेलखंडी भाषा जिस प्रकार से आगे बढ़ रही है, मैं देखता हूं फेसबुक, यूट्यूब, बहुत सारे कलाकार ऐसे आए हैं जो बुंदेलखंडी भाषा में बहुत सारी सीरीज भी बना रहे हैं, बहुत सारी कॉमेडी भी कर रहे हैं और वह देश-दुनिया में बड़ी पसंद की जा रही हैं। बुंदेलखंड के माध्यम से, बुंदेली फेस्टिवल के माध्यम से आने वाले समय में हम फिल्म और पर्यटन के क्षेत्र में अपने बुंदेलखंड को आगे ले जाएंगे। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज एक निजी पैलेस में बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 को सम्बोधित कर रहे थे।

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा फिल्म फेस्टिवल आयोजित करने का काम किया है, साथियों हम सब जानते हैं कि आने वाले समय में जैसे भोजपुरी इंडस्ट्री है, यह शुरुआत यह की गई है, उसका बीजारोपण करने का एक प्रयास किया है, आने वाले समय में जैसे भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री है, वैसे ही बुंदेली फिल्म इंडस्ट्री भी हो, बुंदेली भाषा में फिल्में बनें, बुंदेली भाषा के कलाकार देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें, इन सब बातों को लेकर यह पूरा आयोजन किया गया है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा यह शुरुआत है, इसमें कुछ कमियां रह गई होंगी लेकिन किसी भी बात की शुरुआत होती है तो निश्चित रूप से उसका बीजारोपण होता है। किसी ने बड़ा अच्छा ही कहा है कि ₹'यूँ ही नहीं मिलती राही को मंजिल, एक जुनून सा दिल में जगाना होता है₹। पूछा चिड़िया से कैसे बनाया आशियाना बोली- भरनी पड़ती है उड़ान बार बार, तिनका तिनका उठाना होता है। तो कहीं न कहीं यह काम निरंतर हमको करना पड़ेगा, तिनका तिनका जोड़कर यह बुंदेली इंडस्ट्री हमको खड़ा करनी पड़ेगी।

सिने जगत के प्रख्यात अभिनेता मुकेश तिवारी ने कहा राज्यमंत्री जी ने प्रयास किया हैं और यह प्रयास और सकारात्मक प्रयास होगा। जहाँ तक बुंदेली कलाकारों के लिए है, तो वे स्वयं सक्षम बनें, भूमि तैयार की जा रही है। अभिनेता श्री तिवारी ने कहा यह आप सभी को संबल दिया जा रहा है। हम अपना कंधा दे रहे हैं, पैर आपको अपने इस्तेमाल करने पड़ेंगे।₹ यह एक विचार का रोपण हैं। विचार कोई व्यक्ति को फायदा होगा, किसी व्यक्ति ने उसे दूसरे रूप में इंटरप्रियेट करेगा, अधि-निरूपित करेगा, त्वरित फायदा नहीं हो सकता, यह विचार का रोपण है, जहाँ हम आदान-प्रदान करेंगे, आपके विचार भी होंगे। यही राज्यमंत्री जी ने भी कहा है कि जो विचार दिए जाएँगे, वे नीति में आएँगे, हम उसको क्रियान्वयन में लेकर आएँगे। यह कोई महज सरकारी योजना नहीं है, यह कलात्मक प्रयास और सकारात्मक आग्रह है और यह बिरला ही होता है।

अभिनेता रघुवीर यादव ने कहा मैं अपना फर्ज निभा रहा हूं और अब वक्त बर्बाद न किया जाये, जो सिलसिला शुरू हुआ उसे और आगे बढ़ाया जाये, क्योकि संस्कृति से ही देश, प्रांत, लोग, इंसान सब इसे ही पहचाने जाते है और हमारे कल्चर कि जो खूबसूरती है, उसे उभारें उसे बरकरार रखिये और उसे आगे बढ़ाइये, यह बस हमारी जिम्मेदारी नहीं है, आप सबकी जिम्मेदारी है, हम लोगों ने अपनी संस्कृति को सॅभाल कर रखा था, अब सबकी बारी है, यह सिलसिला लगातार चलता रहे व आगे काम किया जाये तो यह इंडस्ट्री बहुत आगे तक जायेगी। उन्होने सभी से कहा हमेशा छोटा बनकर सीखिये, क्योकि जैसे ही आप बड़े हो जाते है सीखना बंद हो जाता है। लाइन प्रोड्यूसर वसीम अली ने कहा हम कई सालों से मध्य प्रदेश में शूटिंग कर रहे ,हैं फिल्म बनाई है, दमोह में भी काफी संभावनाएं हैं, यहां अच्छा लगा, यहां फिल्म पर काम करेंगे, यहां का भौगोलिक परिवेश को जाना समझा अच्छा लगा।

सिद्धार्थ मलैया ने कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर सुधीर कोचर की तारीफ करते हुए कहा दमोह कलेक्टर की जितनी प्रशंसा की जाए कम है, बहुत अधिकारी काम इसलिए करते क्योंकि वह उनकी ड्यूटी है, लेकिन उनमें से एक दमोह कलेक्टर ऐसे भी हैं जो इसलिए भी काम करते क्योंकि उनके मन से निकलता है कि यह करना है।

अभिषेक भार्गव ने कहा कि यह स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा और उसमें सबसे सुंदर पन्ने में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का नाम लिखा जाएगा। यह कोई छोटा मोटा कार्यक्रम नही है,राजनेताओ के कार्यक्रमो में भीड़ नापी जाती लेकिन यह ऐसा कार्यक्रम है, जिसका पैमाना भीड़ नही क्वालिटी है, आज का यह हमारा कार्यक्रम क्वालिटी का कार्यक्रम है। श्री भार्गव ने कहा बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल को खजुराहो झांसी सागर में भी आयोजित किया जा सकता था, लेकिन अपनी मातृभूमि और गृह जिले में इस कार्यक्रम को लाना एक मंत्री के रूप में भले ही सहज हो सकता है,लेकिन अपनी मातृभूमि की पहचान दुनिया में विकसित हो यह सोच किसी सामान्य व्यक्ति की नहीं हो सकती।

बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 के संरक्षक इंजी. सत्येन्द्र सिंह लोधी ने अपने सम्बोधन में कहा विगत 6 महीनों से इस विषय पर चर्चा की जा रही थी, की बुंदेलखंड में फिल्म इंडस्ट्री और कॉरिडोर को कैसे आगे लेकर जाएं। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह का विजन था कि बुंदेलखंड में कैसे फ़्लिम कॉरिडोर को विकसित किया जाये, इस दिशा में यह एक छोटा सा प्रयास है, सभी के साथ मिलकर यह प्रयास किया है। बुंदेलखंड में फिल्मों और फेडरेशन को बढ़ाने आप सभी के सहयोग की जरूरत है हम सब लोग मिलकर आने वाले दो दिन में पूरा रोडमेप और विजन डॉक्यूमेंट् तैयार करेंगे और लक्ष्य तय करेंगे कि आने वाले 5 से 10 साल में बुंदेलखंड फ़्लिम इंडस्ट्री तैयार कर सकें। बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह ने बाहर से आये कलाकारों का पुष्पगुच्छ एवं बुंदेलखण्ड फैस्टिवल के अंगोछे भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम उपरांत स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फिल्मों के माध्यम से संस्कृति,सृजन और संवाद के उत्सव के साथ नवोदित कलाकारों फिल्मकारों को रचनात्मक ऊर्जा देना एवं बुंदेलखंड और दमोह को एक उभरते हुए फिल्म टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है । कार्यक्रम में लाइन प्रोड्यूसर वसीम अली द्वारा तैयार की गई एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया ।

इस अवसर पर बुंदेलखंड फिल्म फेडरेशन अध्यक्ष डॉ अखिलेश निगम, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय डायरेक्टर संजय श्रीवास्तव, बुंदेलखंड फिल्म फेडरेशन संरक्षक इंजीनियर सतेंद्र सिंह, वी. के. तिवारी, पदम सिंह, नारायण चौहान, आरिफ शहडोली, विनोद तिवारी, वंदना तिवारी, भरत, निशांत कश्यप, रजनी मिश्रा, दीपक नायक, सौरभ शर्मा, योगेन्द्र योगी, लाइन प्रोड्यूसर्स रजत दुबे, पिंटू शर्मा, वसीम अली, हर्ष दबे, सिद्धार्थ मलैया, अभिषेक भार्गव (दीपू भैया), लोकेन्द्र पटैल (लकी भैया), कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एस डी एम आर एल बागरी, सिनेमैटोग्राफर हरीश पटैल, आयोजन समिति के पदाधिकारी साक्षी रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची ने किया।

**आम सूचना**

**सभी साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रिंस राय पिता संजय राय निवासी मागंज वार्ड नंबर 2 दमोह खास में रहता हूं, यह की मेरे नाम की सही स्पेलिंग PRINCE RAI है, जो कि आधार कार्ड, पेन कार्ड में अंकित है लेकिन त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग PRINS RAI लिख गई है, जो कि गलत है, अतः मेरा सही नाम PRINCE RAI (प्रिंस राय) है ।**

**प्रिंस राय**